# NEWSLETTER

GOLD : 50680
SILVER : 55100
CRUD OIL : 7658

Download Our App "SIS CONNECT" For Daily Updates. CLICK HERE

23/07/2022


# समय के साथ टेक्सटाइल इंडस्ट्री में बढ़ रही हैं संभावनाएं

## कॉटन इंडस्ट्री की जानी-पहचानी शख्सियत नंदकिशोर लाहोटीजी से खास बातचीत

तेलंगाना में पिछले 40 सालों से जिनिंग फैक्ट्री चला रहे नंदकिशोर लाहोटी जी टेक्सटाइल इंडस्ट्री में एक जानी पहचानी शख्सियत है। वे बताते है जब उन्होंने इस इंडस्ट्री में शुरूआत की थी तब कॉटन महज 250 रूपए प्रति क्विंटल बिकता था जबकि आज इसका रेट 13 हजार से भी ज्यादा हो चुका है। इतने लंबे समय में इंडस्ट्री में तमाम उतार-चढ़ाव देखने को मिलें लेकिन, एक बात जिसने हमेशा इस काम में टिके रहने का हौसला दिया वह है समय के साथ इस इंडस्ट्री में बढ़ती संभावनाएं।
हमारी जिनिंग फैक्ट्रीयां वारंगल, धनतालपल्ली तरूर और मोथकुर में है। यहां कॉटन की बेहद अच्छी क्वालिटी 31 एमएम आती है। इस क्वालिटी के कॉटन से 60 काउंट का यार्न निकलता है। इसलिए इस क्षेत्र के कॉटन की डिमांड देश के साथ-साथ विदेशों में भी है। यहां से ज्यादातर कॉटन एक्सपोर्ट होता है।

### 30 प्रतिशत ज्यादा हुई सोइंग

तेलंगाना में सामान्यतः अच्छी बारिश होती है। यहां साल में लगभग 38 लाख कॉटन बेल्स की प्रेसिंग होती है। जिसमें से लगभग 5.30 लाख बेल्स की प्रेसिंग वारंगल में होती है। पिछले साल किन्हीं कारणों की वजह से 20 प्रतिशत सोइंग कम हुई थी इसलिए क्रॉप कम हुई थी लेकिन इस साल पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत ज्यादा सोइंग हुई है। इस साल 50 से 55 लाख गांठ आने की उम्मीद है। लेकिन गौर करने लायक बात यह है कि यहां लगभग 450 जिनिंग फैक्ट्री है जिन्हें सुचारू रूप से चलाने के लिए 90 लाख कॉटन बेल्स चाहिए जबकि यहां की एवरेज उपज इसकी आधी है।



### इंडस्ट्री में तेजी से हुए बदलाव

मैंने कर्नाटक में अपने मामाजी के साथ कॉटन का काम शुरू किया था, मेरे पिताजी स्टेशनरी का बिजनेस करते थे। मुझे कॉटन बिजनेस में काफी स्कोप नजर आया इसीलिए तेलंगाना आकर अपने काम की शुरूआत की। इंडस्ट्री डालने का बहुत मन था, बैंक की मदद से पहली जिनिंग इंडस्ट्री तेलंगाना में डाली। ईश्वर की कृपा से काम चल पढ़ा तो दो शहरों में और जिनिंग फैक्ट्री शुरू कर दी। वे बताते है इस इंडस्टी में मैंने तेजी के साथ बदलाव होते देखे है। 8 से 10 साल पहले वारंगल में केवल 10 जिनिंग फैक्ट्रीयां थी जबकि पिछले 10 सालों में इनकी संख्या बढ़कर 30 हो गई है।

### विजन

फयूचर विजन के बारे में उन्होंने बताया कि सोचा जरूर है स्पिनिंग मिल्स शुरू करने का लेकिन अभी तक कुछ तय नहीं किया है। स्पिनिंग मिल स्टार्ट करने में रिस्क बहुत ज्यादा है। इनवेस्टमेंट काफी करना पड़ता है और लोन प्रक्रिया भी काफी जटिल है।

### चुनौतियां

- जिनिंग फैक्ट्री बढ़ जाने से कॉम्पीटिशन बहुत बढ़ गया है।
- 8 साल पहले बिजली 4 रूपए प्रति यूनिट थी अब 8 रूपए प्रति यूनिट हो गई है।
- गर्वनमेंट को दिया जाने वाला मिनिमम चार्ज पहले 50 हजार रूपए था अब बढ़कर 3 लाख हो गया हैं
- मार्च में अनसीजन डिक्लेयर करना होता है।

### संदेश

इस इंडस्ट्री से जुड़े सभी सम्मानीयजनों को आने वाले कॉटन सीजन के लिए मेरी ढ़ेर सारी शुभकामनाएं।


### सुनहरा अवसर

इंडस्ट्री से जुड़े 40 हजार से ज्यादा लोगों तक पहुंचाए अपने बिजनेस की हर जानकारी हमारे माध्यम से पाएं अपने बिजनेस को बढ़ाने का सुनहरा अवसर

जानकारी के लिए संपर्क करें- 9111977771


## किसान की आवाज



मध्यप्रदेश के निमाड़ प्रांत के जावर क्षेत्र के रोहणी गांव में पिछले 20 सालों से कपास की खेती कर रहे अखिलेश पटेल का कहना है कि कपास की खेती करना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। क्योंकि इसकी प्रति एकड़ लागत बहुत ज्यादा है और मजदूरी भी बहुत महंगी है। हमारे एरिया के किसान अभी 50 प्रतिशत कपास और 50 प्रतिशत सोयाबीन की खेती कर रहे हैं। हमने भी कुल 14 एकड़ जमीन में से आधी में सोयाबीन और आधी में कपास की खेती की है। कपास की लागत हमें प्रति एकड़ 15 हजार रूपए आती है और उत्पादन प्रति एकड़ 5 से 8 क्विंटल होता है। जबकि सोयाबीन का प्रति एकड़ खर्च लगभग 4 हजार रुपए आता है और उत्पादन 7 से 8 क्विंटल के लगभग होता है।

इस बार बारिश बहुत ज्यादा होने से कपास के पत्ते पीले पड़ने लगे है। अब फसल को धूप की आवश्यकता है। हमारा सरकार से बस यही अनुरोध है कि खाद दवाई पर थोड़ी सब्सिडी दे दें। ताकि कपास की लागत में थोड़ी कमी आए और हम किसान इसकी बोवनी ज्यादा मात्रा में कर पाएं।

## जानिए टेक्सटाइल निवेशकों के लिए कैसा रहा ये सप्ताह

### 18 जुलाई से 23 जुलाई के मध्य प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज की शेयर रिपोर्ट पर एक नजर

| कंपनी | करंट प्राइस | हाई प्राइस | लोएस्ट प्राइस | हलचल |
|---|---|---|---|---|
| वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड | 309.35 | 327.3 | 267 | 15.86% |
| अरविंद लिमिटेड | 136.65 | 157.8 | 135.2 | -12.07% |
| वेलसपन इंडिया | 73.9 | 75.95 | 69.65 | 4.82% |
| नितिन स्पिनर्स | 213.75 | 217.8 | 202.15 | 5.53% |
| रेमण्ड | 963.55 | 1029.45 | 942.45 | 0.11% |
| अक्षिता कॉटन लिमिटेड | 251.3 | 269.7 | 247.9 | -3.40% |

शेयर मार्केट में आई तेजी और मंदी निवेशकों के बीच हमेशा ही चर्चा का विषय रही है। यही वजह है कि हम अपने पाठकों तक टेक्सटाइल शेयर मार्केट की हर हलचल की खबर हमेशा पहुंचाते रहे है। इस बार भी हम लेकर आए है पिछले सप्ताह में प्रमुख टेक्सटाइल कंपनीज के शेयर्स में उतार-चढ़ाव का पूरा ब्योरा। आईए जानते है बीएससी के मंच पर क्या रही इन कंपनी के शेयर्स की रिपोर्ट






## साप्ताहिक कॉटन रिपोर्ट पर एक नजर

### कॉटन मार्केट में सुधार वाला रहा ये सप्ताह

इस सप्ताह कॉटन के भाव में पिछले सप्ताह की तुलना में थोड़ा सुधार हुआ है। पिछले सप्ताह जहां आइस कॉटन, एमसीएक्स और एनसीडीएक्स जैसे सभी प्लेटफॉर्म पर कॉटन भाव में गिरावट दर्ज की गई थी वहीं, इस सप्ताह इन सभी जगह कॉटन भाव में थोड़ी बढ़त देखने को मिली है। इंटरनेशनल कॉटन एक्सचेंज मार्केट में मई, मार्च और दिसंबर तीनों ही महीनों में लगभग 2 से 2.5 प्रतिशत की बढ़त हुई है।

एमसीएक्स में इस सप्ताह कॉटन का भाव जुलाई में 2060, अगस्त में 2530 और अक्टूबर माह में 920 अंक की बढ़त देखी गई। एनसीडीएक्स में भी कपास के भाव में साप्ताहिक अंतर पॉजीटिव रहा। इसके अलावा खल के भाव में भी अगस्त और सितंबर माह में क्रमशः 141 और 91 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

इसके अलावा अन्य इंटरनेशनल मार्केट जैसे कॉटलुक ए इंडेक्स,, यूएसडीए स्पॉट रेट, एमसीएक्स स्पॉट रेट व केसीए स्पॉट रेट पर भी साप्ताहिक बदलाव में तेजी ही दर्ज की गई। एकमात्र ब्राजील कॉटन इंडेक्स में साप्ताहिक अंतर नकारात्मक रहा। गोल्ड के भाव में भी इस सप्ताह सकारात्मक बदलाव देखने को मिला जबकि सिल्वर और क्रूड के भाव में भी इस सप्ताह गिरावट देखी गई।

**SMART INFO SERVICES**
**CALL : 91119 77771 - 5**
**WEEKLY CHART 23.07.2022**

| ICE COTTON | | | |
|---|---|---|---|
| MONTH | 15.07.22 | 22.07.22 | WEEKLY CHANGE |
| DEC | 88.71 | 90.89 | 2.18 |
| MARCH | 84.85 | 87.3 | 2.45 |
| MAY | 83.17 | 85.6 | 2.43 |
| **MCX (BALES)** | | | |
| JULY | 42500 | 44560 | 2060 |
| AUG | 40000 | 42530 | 2530 |
| OCT | 33780 | 34700 | 920 |
| **NCDEX (KAPAS)** | | | |
| APRIL | 1618 | 1624 | 6 |
| **NCDEX ( COCUD KHAL)** | | | |
| AUG | 2528 | 2669 | 141 |
| SEP | 2559 | 2650 | 91 |
| **CURRENCY ($)** | | | |
| INDIAN (Rupee) | 79.88 | 79.85 | -0.03 |
| PAK (Pakistani Rupee) | 209.152 | 228.316 | 19.164 |
| CNY (Chinese yuan) | 6.75726 | 6.75127 | -0.00599 |
| BRAZIL (Real) | 5.40779 | 5.49779 | 0.09 |
| AUSTRALIAN Dollar | 1.47165 | 1.44284 | -0.02881 |
| MALAYSIAN RINGGITS | 4.44859 | 4.45309 | 0.0045 |
| COTLOOK "A" INDEX | 121.75 | 128.3 | 6.55 |
| BRAZIL COTTON INDEX | 110.82 | 108.46 | -2.36 |
| USDA SPOT RATE | 101.05 | 104.07 | 3.02 |
| MCX SPOT RATE | 41310 | 41510 | 200 |
| KCA SPOT RATE (PAKISTAN) | 15000 | 18000 | 3000 |
| GOLD ($) | 1706.5 | 1725.3 | 18.8 |
| SILVER ($) | 18.637 | 18.512 | -0.125 |
| CRUDE ($) | 97.57 | 95.09 | -2.48 |